श्याम धनि संग होली खेलन रेला आयो रे

रंग रंगीला देखो फागुन मेला आयो रे,
श्याम धनि संग होली खेलन रेला आयो रे,

श्याम धनि के द्वार पे देखो भीड़ लगी है भारी,
दूर दूर से होली खेलन आये है सब नर नारी,
सांवरियां को केसरियां रंग आज लगाओ रे,
श्याम धनि संग होली खेलन रेला आयो रे,

ढालो रंग मारो पिचकारी श्याम न बच ने पाये,
पकड़ो पकड़ो सांवरियां कही आज निकल न जाये,
ऐसा रंग लगाओ इनको जो कभी छूट न पाये रे,
श्याम धनि संग होली खेलन रेला आयो रे,

फागुन के मेले भक्तो जो निशाँ चढ़ाये,
मेरा खाटू वाला उनके सोये भाग जगाये,
श्याम प्रभु के दर्शन पाने सागर आयो रे,
श्याम धनि संग होली खेलन रेला आयो रे,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/10280/title/shyam-dhani-sang-holi-khelan-raila-aayo-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |